11/07/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय बजट 2024-25 से पूर्व आज नई दिल्ली में नीति आयोग में प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की और उनकी राय और सुझाव लिए। वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव पी के मिश्र और कई जाने-माने अर्थशास्त्री और विशेषज्ञ बैठक में उपस्थित थे। संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन 23 जुलाई को लोकसभा में केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा।

000000000000000000000

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट यूजी परीक्षा 2024 मामले की सुनवाई इस महीने की 18 तारीख तक के लिए स्थगित कर दी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पार्टियों को केंद्र और एनटीए द्वारा दायर हलफनामों पर अपनी प्रतिक्रिया दाखिल करने में सक्षम बनाने के लिए स्थगन दिया। शीर्ष अदालत में आज विवादास्पद नीट-यूजी 2024 मेडिकल प्रवेश परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई होनी थी। इनमें 5 मई की परीक्षा के दौरान अनियमितताओं और कदाचार का आरोप लगाने वाली और दोबारा परीक्षा कराने की मांग वाली याचिकाएं शामिल हैं। बुधवार को प्रस्तुत एक हलफनामे में, केंद्र ने कहा कि, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार शिक्षा मंत्रालय ने आईआईटी मद्रास से नीट-यूजी के परिणामों का व्यापक डेटा के विश्लेषण का अनुरोध किया था। 000000000000000

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस आईटीबीपी ने पूर्वी लद्दाख के सिरिगापल के पास 108 किलोग्राम वजन के 108 सोने के बिस्कुट जब्त किए हैं। आईटीबीपी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 21वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट दीपक भट्ट के नेतृत्व में एक टीम ने लंबी दूरी की गश्त करते हुए इसे जब्त कर लिया। आईटीबीपी ने कहा, दो संदिग्धों को पकड़ लिया गया है और अन्य एजेंसियों के साथ जांच जारी है।

0000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने राज्य सरकार की अपनी महत्वकांक्षी सौ दिवसीय कार्ययोजना के तहत “ मिशन ऑलंपिक दो हजार अट्ठाईस” और मिशन ओलंपिक दो हजार बत्तीस नामक रोडमैप तैयार करने की घोषणा की है। मुख्य मंत्री के अनुसार नई सरकार के सौ दिनों के भीतर रोडमैप को अंतिम रुप दिया जाएगा और इसे लागू भी किया जाएगा, जो दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजन ओलंपिक के लिए प्रतिभाशाली एथलीटों की खोज और उन्हें विकसित करेगा। ये बात श्री खाण्डू ने आज तवांग में ग्यालवा त्सांगयांग ग्यात्सो हाई एल्टीट्यूड स्टेडियम में फीफा मानक आर्टीफिशियल टर्फ फुटबॉल ग्राउंड का उद्घाटन करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि रोडमैप बनाने का उद्देश्य राज्य से देश का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिक से अधिक एथलीटों को ओलंपिक में भेजना है। श्री खाण्डू ने यह भी बताया कि एक नई युवा नीति भी तैयार की जा रही है।

0000000000000000

लगातार एक सप्ताह के प्रयासों के बाद कुरुंग कुमे जिला प्रशासन ने दामिन सड़क को वाहनों की आवाजाही के लिए सफलतापूर्वक खोल दिया है।

मरम्मत का कार्य ग्रामीण निर्माण विभाग, कोलोरियांग ने सीमा सड़क संगठन की सहायता से किया। जिला प्रशासन ने बताया कि दामिन सड़क की मरम्मत के साथ ही बुधवार को दामिन में आवश्यक वस्तुओं और राशन की दूसरी खेप पहुंचाई गई।

0000000000000000

असम में बाढ़ से पिछले 24 घंटों में पांच अन्य लोगों की मौत हो गई है। बाढ़ से अब तक 84 लोगों की मौत हो चुकी है। आपदा रिपोर्टिंग और सूचना प्रणाली के अनुसार 27 जिलों में चौदह लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।

0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मत्स्य पालन मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में केंद्रीय अंतर्देशीय मत्स्य अनुसंधान संस्थान (सी आई एफ आर आई) का दौरा कर आउटरीच कार्यक्रमों के तहत इसकी गतिविधियों योजनाओं और नीतियों तथा संस्थान के बारे में प्रत्यक्ष रुप से जानकारी जुटाई। सी आई एफ आर आई को भारत के प्रमुख मत्स्य संस्थानों में से एक माना जाता है। दौरे के दौरान श्री वांगसू ने सी आई एफ आर आई के निदेशक डॉ. बसंत कुमार दास के साथ मत्स्य पालन और जलीय कृषि से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के दो मछली पालक यमोती पिग्योर और केसांग नकसांग को चौबीसवें राष्ट्रीय मछली पालक दिवस के अवसर पर सर्वश्रेष्ठ मछली पालक का पुरस्कार दिया गया।

शी योमी जिले के इन दोनों प्रगतिशील मछली पालकों को ट्राउट पालन में उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए राज्य सरकार के मत्स्य निदेशालय द्वारा नामित किया गया था।

0000000000000000

ग्यारहवीं दोरजी खाण्डू मेमोरियल राज्य बैडमिंटन प्रतियोगिता दो हजार चौबीस आगामी अट्ठारह से बाईस अगस्त तक नामसाई में ‘No to drugs, yes to badminton’ थीम के साथ आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में सीनियर्स के लिए सिंगल्स, डबल्स और मिक्स्ड डब्ल्स, लड़कों और लड़कियों के अंडर15, अंडर 17, अंडर 19, लड़कों और लड़कियों के अंडर 11 के लिए सिंगल्स और लड़कों और लड़कियों के अंडर 13 और अंडर 15 के लिए सिंगल्स और डबल्स शामिल होंगे।

0000000000000000